गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

सं.: न दि/गेल/सेक्ट./2019

30 मार्च, 2019

| | |
|---|---|
| 1. लिस्टिंग विभाग<br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड<br>एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,<br>प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,<br>बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)<br>मुंबई-400 051 | 2. लिस्टिंग विभाग,<br>बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड<br>फ्लोर 1, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स,<br>दलाल स्ट्रीट,<br>मुंबई-400001 |

प्रिय महोदय,

कृपया **"सौर-ऊर्जा आधारित पॉवर परियोजना के विकास के लिए गेल तथा बीएचईएल ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए"** से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति की संलग्न प्रति प्राप्त करें।

उपर्युक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड हेतु है।

सधन्यवाद,

भवदीय,

(ए. के. झा)
कंपनी सचिव

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

**प्रति** :

ड्यूश बैंक ए जी, फिलिअले मुंबई
टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
मुंबई-400051

ध्यानाकर्षण-सुश्री अपर्णा सालुंके

## <u>सौर-ऊर्जा आधारित पॉवर परियोजना के विकास के लिए गेल तथा बीएचईएल ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए</u>

**नई दिल्ली, मार्च 29, 2019 :** गेल (इंडिया) लिमिटेड तथा भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने आज नई दिल्ली में सौर-ऊर्जा आधारित पॉवर परियोजना के विकास में सहयोग के लिए सामझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। श्री मनोज जैन, निदेशक (व्यापार विकास), गेल तथा श्री एस बालकृषणन, निदेशक (आईएस एंड पी), बीएचईएल की उपस्थिति में श्री शांतनु रॉय, कार्यकारी निदेशक (व्यापार विकास), गेल और श्री एस सीतारमण, महाप्रबंधक (अक्षय ऊर्जा और जल व्यवसाय), बीएचईएल ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

गेल परियोजना का विकासकर्ता होगा और बीएचईएल इंजीनियरिंग, प्रापण, निर्माण और परियोजना प्रबंधन संविदाकार के रूप में कार्य करेगा। सफल बोलीदाता होने पर प्रारंभिक अवधि में बीएचईएल प्रचालन एवं अनुरक्षण सेवाएं भी प्रदान करेगा। यह विकास भारत सरकार के आईएनडीसी लक्ष्यों के अनुरूप, सौर ऊर्जा परियोजनाओं में पर्याप्त पोर्टफोलियो सृजन के लिए अपनी प्रतिस्पर्धी ताकत का लाभ उठाने में दोनों कंपनियों की मदद करेगा। समझौता ज्ञापन का उद्देश्य टैरिफ / वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) में प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया में भागीदारी के माध्यम से संयुक्त रूप से वाणिज्यिक सौर ऊर्जा परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए दो महारत्न पीएसयू के बीच घनिष्ठ साझेदारी की रणनीति बनाना है।

इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए श्री मनोज जैन, निदेशक (व्यापार विकास) ने कहा "गेल भारत की स्वच्छ ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर का गौरवशाली सदस्य है और राष्ट्र के सतत् विकास के लिए पहलों को शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत के इंजीनियरिंग क्षेत्र में अग्रणी बीएचईएल के साथ इस रणनीतिक संबंध के प्रारंभ होने पर हम प्रसन्न हैं। दोनों कंपनियों के कौशल और ताकत एमओयू के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए एक तालमेल बनाएंगे।"

गेल (इंडिया) लिमिटेड ट्रेडिंग, ट्रांसमिशन, एलपीजी उत्पादन एवं ट्रांसमिशन, एलएनजी पुनःगैसीफिकेशन, पेट्रोकेमिकल्स, शहर गैस, ई एंड पी आदि में प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला के विविधतापूर्ण हितों के साथ भारत की अग्रणी प्राकृतिक गैस कंपनी है। यह लगभग 11,400 कि.मी. की उच्च दाब ट्रंक पाइपलाइन का स्वामी है तथा इसका परिचालन करता है। वर्तमान में यह विभिन्न पाइपलाइन परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है और वर्ष 2021 तक लगभग रु.24,000 करोड़ के निवेश से कुल मिलाकर अपने पाइपलाइन नेटवर्क में 5400 कि.मी. से अधिक का विस्तार करके लगभग 16,000 किमीटर लंबी पाइपलाइन का प्रचालन करेगा। गेल का गैस ट्रांसमिशन में 75% मार्केट शेयर है और भारत की गैस ट्रेडिंग में 50% से अधिक का हिस्सा है। शहर गैस वितरण में भी गेल का एक दुर्जेय मार्केट शेयर है और वर्तमान में यह प्रत्यक्ष रूप से और अपनी 8 संयुक्त उद्यम/सहायक कंपनियों के माध्यम से 38 शहरों/भौगोलिक क्षेत्रों में प्रचालन कर रहा है। तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) मार्केट में विश्व के सबसे बड़े पोर्टफोलियो में से एक गेल के पास है। गेल ने भारत में अमेरिकी मात्रा को ले जाने के लिए समय चार्टर आधार पर अपना पहला एलएनजी जहाज "मेरिडियन स्पिरिट" किराए पर लिया। यह सौर और पवन जैसी नवीकरणीय ऊर्जा में भी अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है। वास्तव में, इसके पास पाता, उत्तर प्रदेश में अपने पेट्रोकेमिकल संयंत्र में सबसे बड़ा रूफटॉप सोलर पीवी पॉवर प्लांट है। यूएस, सिंगापुर और म्यांमार में कार्यालयों और सहायक कंपनियों के माध्यम से इसकी विदेशी उपस्थिति है।

बीएचईएल विश्व की कुछ कंपनियों में से एक और भारत की एकमात्र कंपनी है, जिसमें पॉवर प्लांट उपकरणों की पूरी श्रृंखला के निर्माण की क्षमता है और थर्मल, गैस, हाइड्रो तथा न्यूक्लीयर के क्षेत्र में स्थापन से कमिशनिंग तक पॉवर परियोजनाओं के कार्यान्वयन में टर्नकी क्षमताओं को साबित किया है। बीएचईईल तीन दशकों से भी अधिक में सोलर पॉवर प्लांट के डिज़ाइन, इंजीनियरिंग, निर्माण, स्थापन तथा कमिशनिंग के क्षेत्र में भी कार्यरत रहा है और इसके पास 700 मेगावाट से अधिक का पोर्टफोलियो है। बीएचईएल भारत में एकमात्र कंपनी है जिसके पास पॉवर प्लांट उपकरणों की पूरी श्रृंखला जैसे सोलर सेल्स, सोलर मॉड्यूल्स, स्काडा, इनवर्टर्स, पॉवर ट्रांसफार्मर्स, स्विचगीयर एवं ट्रैकिंग प्रणाली सहित मॉड्यूल माउंटिंग स्ट्रक्चर के निर्माण की क्षमता है। बीएचईएल के पास उच्च दक्षता वाले सोलर सेल और प्रोसेस ऑप्टिमाइज़ेशन विकसित करने के लिए एएसएससीपी, गुड़गाँव में सोलर पीवी के लिए एक समर्पित आरएंडडी केंद्र है।